भारत

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण

वार्षिक प्रतिवेदन 2008 - 2009

वार्षिक प्रतिवेदन
2008–2009

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण

टायसेल बायो पार्क

5 वीं मंजिल, तरमणि मार्ग

तरमणि, चेन्नै - **600 113**

द्वारा प्रकाशित

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण
टायसेल बायो पार्क
5वीं मंजिल, तारामणि मार्ग
तारामणि, चेन्नै - 600 113
दूरभाष - 91-44-22541074 / 2254 2777
फैक्स - 91-44-2254 1200
ई - मेल -secretary@nbaindia.in
www.nbaindia.org

सत्यमेव जयते

डॉ. पी.एल.गौतम
अध्यक्ष,
राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण
चेन्नै

प्रस्तावना

जैव विविधता के समृद्ध धरोहर के रुप में भारत को पहचाना जाता है जिसके फलस्वरुप वर्षों से उसका उत्पादन 3.5 अरब साल से ज्यादा है । प्राकृतिक प्रक्रिया एवं उससे ज्यादा मानव प्रभाव से यह एक विकास की उत्क्रांति है । इसका सीधा संबंध जीवन से है जिस पर हम निर्भर हैं वह हमें भोजन, स्वास्थ्य, देखभाल एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करता है । जैव विविधता का संरक्षण हमारी जीविका के लिए आवश्यक है और सभी प्राणियों के लिए एवं भारतीय संस्कृति एवं जीवन शैली के अभिन्न अंग के रुप में इसका प्रयोग जारी है । जैसा कि विभिन प्रकार के तत्वों के कारण विश्व स्तर पर जैव विविधता के संकटापन खतरा बढ़ता जा रहा है । जैविक स्रोत पर मानव गतिविधियों का भी बहुत दबाव पड़ रहा है । संविभजन का बढ़ना एवं निवासी एवं परिणामत: जैव विविधता की हानि । ये हानियाँ अपूर्णीय है एवं हमारे जीवन के लिए खतरा है ।

संरक्षण का भारत में एक लंबा इतिहास है एवं प्राकृतिक स्रोतों का सतत रुप से प्रयोग किया जारहा है । औपचारिक विविधयाँ, नीतियाँ एवं संरक्षण हेतु कार्यक्रम एवं अतीत में अनेक दशकों से जैव स्रोतों का सतत रुप से उपयोग किया जा रहा है । विगत कई वर्षों से भारत ने एक स्थिर संगठित संरचना का विकास किया है और देश में जैव विविधता के सुरक्षा हेतु एक मजबूत कानून एवं नीति का निर्माण किया है ।

अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिलाने के लिए एवं जैव विविधता के अधिक दबाव पर बल देकर भारत सरकार ने वर्ष 2002 में जैव विविधता अधिनियम बनाया एवं 2004 में जैविक नियमावली बनाई । तदनुसार अधिनियम को कार्यान्वित करने हेतु राष्ट्रीय, राज्य एवं सथानीय स्तर पर यांत्रिक सुविधाएं उपलबध की गई है । विभिन्न प्रकार के कार्य, गतिविधियाँ एवं रा.जै.वि.प्रा. के कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने हेतु प्राधिकरण के सम्मानित सदस्यों द्वारा ईमानदारी एवं समर्पित भाव से जो समर्थन एवं मार्गदर्शन मिला, मैं उनकी सराहना करते हुए आभार व्यक्त करता हूं । साथ ही, मैं रा.जै.वि.प्राधिकरण के कर्मचारियों को बधाई देना चाहूंगा कि उनके प्रयास से ही यह रिपोर्ट आज प्राप्त हुई ।

मैं आशा करता हूं कि प्रकाशन विभाग वर्ष 2008 - 2009 गतिविधियों की झांकियां भी उपलबध कराएगा । रिपोर्ट में सुधार हेतु मैं टिप्पणियों का स्वागत करता हूं।

पी.एल. गौतम

सी. अचलेंदर रेड्डी, आई.एफ.एस.
सचिव,
राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण
चेन्नै

आभार

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण की ओर से, मैं पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उनके समर्थन एवं मार्गदर्शन से यह वार्षिक रिपोर्ट पूर्ण हो सकी है । मैं प्राधिकरण के सदस्यों का आभारी हूं जिनके प्रयास से ही यह वार्षिक रिपोर्ट बनी।

मैं राज्य जैविक विधिता बोर्ड का बहुत आभारी हूं कि उनके बहुमूल्य योगदान से यह रिपोर्ट बनकर तैयार हुई ।

मैं अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहूंगा कि प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा (वैज्ञानिक लेखा परीक्षा) कार्यालय द्वारा लेखा परीक्षा प्रमाण-पत्र समय पर प्रस्तुत किया गया । मैं डॉ. के. वेंकटरामन का भी आभारी हूं । उस समय सचिव थे, उस दौरान रा.जै.वि. प्राधिकरण की रिपोर्ट बन रही थी । इस रिपोर्ट में उनका योगदान महत्वपूर्ण है ।

मैं यह भी सराहना करता हूं कि राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस कार्य को पूरा करने के लिए बहुत परिश्रम किया है ।

हमारे अध्यक्ष डॉ. पी.एल. गौतम जी का ईमानदारी एवं कृतज्ञता से अभार व्यक्त करता हूं कि उनकी बहुमूल्य सलाह एवं रिपोर्ट अंतिम बनाने में सतत अभिप्रेरणा एवं समय के भीतर ही वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई ।

सी. अचलेंदर रेड्डी

विषय सूची

1 कार्यपालक - सार........ 11

2 प्रस्तावना 13

3 प्राधिकरण का संविधान 17

4 प्राधिकरण की बैठकें........ 19

5 विशेषज्ञ समितियाँ........ 21

6 जैव विविधता संरक्षण और संप्रेषण 23

7 अभिवृद्धि एवं हितलाभ भागीदारी........ 28

8 विनिमय एवं अधिसूचनाएँ........ 31

9 प्राधिकरण के लेखे एवं वित्त........ 33

10 वार्षिक योजना - 2009 - 2010........ 34

11 राज्य जैविक विविधता बोर्डों के कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ........ 37

परिशिष्ट

1 प्राधिकरण के सदस्य........ 53

2 राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण की संगठन तालिका 57

3 राष्ट्रीय जैव विविधता प्रा धिकरण के कर्मचारियों की संख्या........ 58

4 राष्ट्रीय जैव विविधत प्राधिकरण के महत्वपूर्ण प्रकाशन........ 60

5 प्रशिक्षण/संगोष्ठियाँ/ कार्यशालाओं इत्यादि के लिए सहयोग दिया........ 61

6 राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण नागरिकों का चार्ट........ 62

7 लेखापरीक्षा रिपोर्ट........ 63

1 कार्यपालक - सार

जैव विविधता पर अंतर्राष्ट्रीय रूढ़िवादिता को ध्यान में रखते हुए (रू.जै.वि.) और जैव विविधता पर अतिरिक्त भार को बताने के लिए भारत सरकार ने जैव विविधता अधिनियम 2002 और जैव विविधता नियम 2004 को अधिनियमित किया । तदनुसार अधिनियम को कार्यान्वित करने के लिए राष्ट्रीय राज्य एवं क्षेत्रीय स्तर पर प्रक्रिया शुरू की गई । जैव विविधता अधिनियम के भाग (8) के तहत चेन्नै (तमिलनाडु) में भारत सरकार द्वारा अक्तूबर 2003 में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (रा.जै.प्रा.) की स्थापना की गई । राज्य जैव विविधता बोर्डों (र्रा.जै.बो.) की स्थापना राज्य सरकार ने और जैव विविधता प्रबंधन समितियों की स्थापना क्षेत्रीय निकायों द्वारा की गई । यह दस्तावेज राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण की वर्ष 2008 - 2009 की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

प्राधिकरण में पूर्ण कालिक अध्यक्ष और सचिव हैं तथा यह पादेन और गैर-सरकारी सदस्यों के साथ प्रक्रियारत हैं ।प्राधिकरण को वरिष्ठ परामर्शदाताओं का प्रावधान द्वारा सशक्त किया गया है । खाली पादों को भरने की कार्रवाई की गई या प्रगति में है । इस अवधि में प्र स प्राधिकरण की तीन बैठकें की गई । इन बैठकों में राष्ट्रीय धराहरों को पदांकित और जैव विविधता को लागू करने की अधिसूचनाओं सहित मृदा पर विशेषज्ञ समिति का गठन, तलछट और सूक्ष्म जैव विविधता, सामान्यत: व्यापार पण्य (वस्तुएँ), अभिवृद्धि एवं हितलाभ आबंटन के लिए आवेदन पत्रों का मूल्यांकन, औषधीय पौधों और खतरों में / संकटापन्न स्थानिक किस्मों का संरक्षण, जैव विविधता धरोहर स्थलों के संरक्षण का प्रबंध और राष्ट्रीय जैव विविधता विधि (रा.जै.वि.) के प्रयोग के नियम के दिशा-निर्देश तैयार करना, छठे वेतन आयोग का कार्यान्वयन, वार्षिक लेखे 2007 - 2008 और 2008 - 2009 की वार्षिक योजना का अनुमोदन इत्यादि महत्वपूर्ण निर्णय इन बैठकों में लिए गए।

राष्ट्रीय जैव विविधता ने 19 कार्यशालाओं/ प्रदर्शनियों / सम्मेलनों / प्रशिक्षणों/ जागृति कार्यक्रमों में भाग लिया और / या समर्थन किया । कर्नाटक सरकार ने नल्लूर में देवनहल्ली तालुक, बेंगलूर जिले के इमली- स्थल को जैव विविधता धरोहर स्थलके रूप में अधिसूचित किया । तमिलनाडु और त्रिपुरा राज्य ने राज्य जैव विविधता बोर्डों के गठन को अधिसूचित किया । इस प्रकार विभिन्न राज्यों में 1450 जैव विविधता प्रबंध समितियों का गठन किया गया और संबंधित राज्य जैव विविधता बोर्डों / जैव विविधता प्रबंध समितियों ने 350 पंजीयन तैयार किए ।

इस अवधि के दौरान अनुसंधान/ वाणिज्यिक प्रयोग के लिए, अनुसंधान परिणामों के अंतरण, बौद्धिक संपदा अधिकार, अन्य पक्ष हस्तांतरण और सह-अनुसंधान के 104 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। उनमें से 71 आवेदन पत्र अनुमोदित हुए और 35करारों पर हस्ताक्षर किए गए। परिणाम स्वरूप 21राज्यों में राज्य जैव विविधता बोर्ड और कुछ जिलों में जैव विविधता प्रबंधन समितियों की स्थापना की गई। राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने राज्य विविधता बोर्ड और जैव विविधता प्रबंधन समितियों के साथ मिलकर अभिवृद्धि आवेदन पत्रों पर निर्णय लिया। इस अवधि के दौरान चार आवेदकों की राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के साथ सुनवाई हुई। दो आवेदकों की सुनवाई हुई और अन्य आवेदकों ने अगली तारीख की माँग की जिन पर विचार किया गया।

भारत से बाह्य राष्ट्र को बौद्धिक संपदा के अधिकार देने का विरोध करने के आवश्यक कदम उठाने के लिए भारत से किसी जैव संसाधन को प्राप्त करने या इस जैव संसाधन के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने न्यायिक कक्ष की स्थापना का कार्रवाई की । जैव संसाधनों पर बौद्धिक संपदा का अधिकार और परंपरागत ज्ञान की सुरक्षा से संबंधित तीन संगोष्ठियों/ परामर्शों में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने भाग लिया एवं समर्थन किया । वर्ष 2008-2009 के दौरान राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने पाँच प्रकाशन प्रकाशित किए ।

इस रिपोर्ट में वर्ष 2008 -2009 के वार्षिक लेखे और 2009-2010 की वार्षिक योजना को दिखाई गई है । अधिनियम के अनुसार राष्ट्रीय जैव विविधता निधि (रा.जै.नि.) की स्थापना की गई है और 21.50 लाख रूपए से अधिक की राशि राष्ट्रीय जैव विविधता निधि के लेखे में डाली गई है ।

राज्य जैव विविधता बोर्डों ने कार्यशालाएँ / प्रदर्शनियाँ / संगोष्ठियों / प्रशिक्षण / जागृति कार्यक्रम, जैव विविधता दिवस मनाना इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए । राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने नवगठित राज्य जैव विविधता बोर्ड को जैव विविधता प्राधिकरण समितियाँ बनाने के लिए अवसंरचना को सुगठित करने के लिए 94 लाख रूपए वित्तीय अनुदान के रूप में जारी किए । राज्य जैव विविधता बोर्डों ने अन्य अभिकरण, जो खोज में संलग्न / बी.एच.पी. को चिह्नित व समर्थन करने, जैविक प्रबंधन समितियों के गठन करने, स्वस्थान और पूर्वस्थान संरक्षण संकटकालीन प्रजातियों के संरक्षण सहित इत्यादि का समर्थन किया ।

Bos gaurus

2 प्रस्तावना

भारत अपनी 3.5 अरब पुरानी महान जैव विविधता की धरोहर के रूप में जाना जाता है, जिसका निर्माण प्राकृतिक प्रक्रिया और मानव के बढ़ते प्रभाव का क्रमिक विकास का परिणाम है । यह जीवन के संपोषण का आधार है और हम पूर्णतया भोजन, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यकताओं के लिए इस पर निर्भर हैं । हमारे जीवन के लिए अस्तित्व और संपोषण के लिए जैव विविधता का संरक्षण करना भारतीय संस्कृति और जीवन पद्धति का भाग है । राष्ट्रीय विकास और गरीबी उन्मूलन में जैव विविधता और पारिस्थितिकी-प्रणाली सेवाएँ योगदान देती हैं ।

जैव विविधता का वितरण विश्वव्यापी स्तर पर समान नहीं है । कटिबंधीय क्षेत्रों के कुछ देखों में अधिक संख्या में संकटापन्न किस्में और उच्च किस्मों की अधिकता उनकी विशेषता है। ये महाभिन्न देख कहलाते हैं, भारत को मिलाकर उन 17 देशों के समूह को समान मनस्क महाभिन्न देश (स.म.म.दे.) कहते हैं ।

जैव विविधता में पृथ्वी पर सभी प्रकार के जीवन को सम्मिलित किया गया है । यह अपने की तीन स्तरों में व्यक्त करती है: किस्मों की विविधता जो सभी प्रकार के जीवों की विविधता जो सभी प्रकार के जीवों की संख्या और प्रकार को दर्शाती है, अनुवांशिक विविधता जो विभिन्न प्रकार के जीवों में अनुवांशिक भिन्नता को दर्शाती है, और पारिस्थितिकी जैव विविधता जो प्राकृतिक आवास, जैविक समुदाय और पारिस्थितिकीय प्रक्रिया को दर्शाती है । इन सब के होते हुए भी पृथ्वी पर रहने वाली किस्मों की संख्या का सामयिक ज्ञान अभी अधूरा है, एक अनुमान के अनुसार 8 से 14 अरब किस्में विद्यमान हैं । अब तक 1.7 अरब किस्मों काही पता लग सका है और अधिकतर की खोज की जा रही है । भारत एक महाभिन्न विविधता वाला देश है । 2.4 % भू-स्थल और 4% जल भाग है जिसमें विश्व की दर्ज की गई 7.8 % किस्मों का ही लेखा है । अब तक 45,500 पौधों की किस्में और 91,000 पशुओं की किस्मों का ही प्रलेख है । अनुमानित 3.75 अरब जीव प्रजातियों में से वैश्विक स्तर पर 2,79,900 किस्मों की सूक्ष्म संरचना का उल्लेख किया गया है । भारत में 5,650 सूक्ष्म जीवों की किस्मों का ही उल्लेख है । भौतिक गुणों और जलवायु परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप पारिस्थितिकी प्रणाली जैसे जंगलों, घास के मैदानों, पहाड़ों, बंजर जमीन, तटवर्ती और समुद्री क्षेत्रों (कच्छ वनस्पाति और जल-शैल) और मरूस्थल में आवास करती हैं।

भारत भी आठ प्राथमिक केंद्रों में से है जहाँ पौधों को रोपा जाता है और फसल विविधता के ज्ञान का केंद्र है, जिसमें लगभग 375 जंगलों से निकट संबंधित किस्में चालव, दाल बाजरा, सब्जियाँ, फल और तन्तु पौधे शामिल हैं । इसके अतिरिक्त, तकरीबन 255 नस्लें जिनमें क्षेत्रीय/सीमा के पालतू जानवर (जैसे- पशु, भेड़, बकरी, ऊँट, घोड़ा और कुक्कुट)शामिल हैं, भी भारत में पाई जाती हैं।

मानव पर्यावरण और विकास पर 1972 में हुए स्टॉक होम सम्मेलन से ही भारत पर्यावरण मामलों पर भी मुख्य अंतर्राष्ट्रीय क्रियाकलापों में भाग ले रहा है । पर्यावरणीय मामलों, जैव विविधता पर सम्मेलन (जै.वि.सं.) सहित मामलों पर देश ने योगदान दिया है और बहुपक्षीय करारों का मुख्य समर्थन किया है । जैव विविधता संवहन के अनुसार निम्न लिखित वृहत परामर्शदात्री प्रक्रिया है । जैव विविधता से संबंधित कार्यक्रमों एवं आवहन की योजना और 1990 में एक राष्ट्रीय नीति और जैव विविधता पर एक वृहत स्तर पर कार्यवाही योजना विकसित की गई । भारत ने जैव विविधता अधिनियम, 2002 बनाया जो 1994 में शुरू की गई कार्रवाई और प्रक्रिया का ही परिणाम है । कुछ देखों में से एक इस तरह के अधिनियम के बनाने

वाला भारत है । इस अधिनियम का प्राथमिक उ-ेश्य जैव विविधता के संवहन की व्यवस्थ करना, जैव विविधता की अभिवृद्धि और इससे संबंधित प्रारंभिक ज्ञान के नियंत्रण सहित ताकि उनके प्रयोग के संबंध में हित लाभों का समान वितरण सुनिश्चित किया जा सके ।

जैविक संसाधनो के क्षीयमान होने के कारणों में बढ़ोतरी 1992 में जैव विविधता पर सम्मेलन के अनुसार मार्ग दर्शित है । जैविक संसाधनों और अनुवांशिक संसाधनों की अभिवृद्धि को महत्व देना केवल सुदृढ़ पर्यावरण के लिए और राष्ट्रीय कानून के अनुसार होने चाहिए यह पहली बार अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देशों के प्रभुसत्तासम्पन्न अधिकार की मान्यता प्रदान की । भारत एक महाभिन्न जैव विविधता देश और जैव विविधता सम्मेलन पर हस्ताक्षर करने वाला देश है । जैव विविधता सम्मेलन पर ध्यान देने वाला,. और जैविक संसाधनों पर विस्तृत दबाव को व्यवहार करने वाला देश है। इसलिए भारत सरकार ने जैव विविधता अधिनियम 2002 और जैव विविधता अधिनियम 2004 बनाए । तदनुसार, अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्र, राज्य और क्षेत्रीय मशीनरियों का निर्माण किया गया । अधिनियम में धारा 8 के अंतर्गत चेन्नै (तमिलनाडु) में अक्तूबर 2003 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण बोर्ड राज्य सरकारों द्वारा और जैव विविधता प्रबंधन समितियों की रचना क्षेत्रीय संगठनों द्वारा की गई ।

राष्ट्रीय जैव विविधता प्रधिकरण के कृत्य निम्न हैं :

- जैव विविधता के संरक्षण से संबंधित गतिविधियों, जैविक संसाधनों के प्रयोग में सभी घटकों की साम्ययुक्त सहभागिता, सम्पोषण के बारे में भारत सरकार को सलाह देना, अनुमोदन एवं कृत्यों को नियमित करना।

- जैव विविधता अधिनियम 2002 की धारा 3, 4, और 6 के अनुसार जैविक संसाधनों की अभिवृद्धि के बारे में मार्गदर्शन, कृत्यों को नियंत्रित करना और हितलाभ सहभागिता की सम्यक और सही व्याख्या करना । जैविक संसाधनों को प्राप्त करने और या संबंधित ज्ञान के प्रयोग के लिए ऐसे व्यक्तियों/ राष्ट्रों संगठनों को राष्ट्रीय जीव प्राधिकरण का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना है ।

- देश की जैविक विविधता के संरक्षण के लिए जरूरी उपाय करना इसके साथ ही देश से बाहर जैविक संसाधन जो अन्य देशों को भारत से प्राप्त होते हैं, या इन जैविक संसाधनों से संबंधित ज्ञान जो भारत से व्युत्पन्न हुआ है उसे बौद्धिक संपदा के अधिकार देने का विरोध करना और आवश्यक जरूरी उपाय करना ।

- धरोहर स्थलों को अधिसूचित करने के लिए जैव विविधता क्षेत्र का चयन और उसके प्रबंधन के उपायों का सुझाव राज्य सरकार को देना ।

- जाति जैव विविधता पंजीकरण (जा.जै.पं) के लिए राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण और राष्ट्रीय जैव विविधता बोर्ड जैव विविधता प्रबंधन समितियों को मार्गदर्शन और तकनीकी सहयोग देगा ।

- इस अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के लिए अन्य आवश्यक क्रियाकलापों का भी निर्वाह करना ।



सरकारी अधिनियम की धारा 22 के अनुसार राज्य सरकारों सरकारी राजपत्र अधिसूचना ने बोर्डों की स्थापना की है । राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण या टिलीजेटियो संगठन रा.जै.बोर्ड के कृत्य और शक्तियों का निर्वाह कर सकते हैं ।

राज्य विविधता बोर्ड राज्य सरकारों द्वारा स्थापित किए गए हैं जिसके एक अध्यक्ष और संबंधित विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले पाँच सदस्य होंगे और जैव विविधता के संरक्षण से संबंधित मामलों, जो कि संसाधनों का संपोषण और जैविक संसाधनों के प्रयोग से संबंधित साम्य हितलाभ सहभागिता के लिए पाँच सदस्य विशेषज्ञों में से नियुक्त किए जाएँगे । राज्य जैव विविधता बोर्ड के कृत्य निम्न है :-

- जैव विविधता संरक्षण, जैविक संसाधनों के संपोषण और जैविक संसाधनों के प्रयोग से संबंधित साम्य हितलाभ सहभागिता से संबंधित मामलों पर केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शिका के विषय में राज्य सरकार को सलाह देना ।

- भारतीयों द्वारा जैविक संसाधनों के वाणिज्यिक प्रयोग या जैविक सर्वेक्षण और जैविक प्रयोग के लिए निवेदन या अनुमोदन देने को नियंत्रित करना ।

- इस अधिनियम को लागू करने के लिए या राज्य सरकार द्वारा आदेशित अन्य कृत्यों का निर्वहन करना ।

जैवि विविधता से संबंधित सूक्ष्म जीव और ज्ञान को लिपिबद्ध करना, घरेलू पशुधन और जानवरों की नस्लों, लोक किस्में और कृषक भू-प्रजातियों का संरक्षण, प्राकृतिक आवासों के संरक्षण सहित जैव विविधता का प्रलेखन और सपाोषण, संरक्षण के बध्र्वे के उ-ेश्य के लिए अपने क्षेत्र के क्षेत्राधिकार के लिए धारा 41 के अनुसार क्षेत्रीय संगठनों ने जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन किया है । जैव विविधता अधिनियम के नियम (22.1) के अनुसार जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन किया गया है । इसके एक अध्यक्ष और क्षेत्रीय संगठन द्वारा नामित छह व्यक्ति हैं, जिसमें एक तिहाई महिला और 18% अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति हैं । जैव विविधता प्रबंध समितियों के कृत्य निम्न हैं :-

- क्षेत्रीय लोगों से सलाह करके अधिकृत जाति का जैव विविधता पंजीयन तैयार और रख-रखाव करना । जैव विविधता प्रबंध समिति एक रजिस्टर का रख-रखाव करती है जिसमें जैव विविधता अभिवृद्धि के विवरण के बारे में सूचनाएँ और परंपरागत ज्ञान दिया होता है। वसूले गए शुल्क का विवरण और प्राप्त लाभ तथा सहभागिता के तरीके का विवरण दिया जाता है ।

- क्षेत्रीय वैद्यों और प्रयोगकर्त्ताओं द्वारा जैविक संसाधनों के प्रयोग के आंकड़े रखने संबंधी जो मामले राज्य जैव विविधता बोर्ड/ प्राधिकरण द्वारा अनुमोदन प्रदान करने के लिए प्रेषित किए जाते हैं उस पर सलाह देना ।

हितलाभ दावेदारों के लिए रास्ता बनाना, जैविक संसाधनों की उन्नति और संरक्षण या इन क्षेत्रों के सामाजिक आर्थिक विकास और संबंधित ज्ञान के लिए अधिनियम की धारा 27, 32 और 43 के अंतर्गत क्रमश: राष्ट्रीय राज्य और क्षेत्रीय स्तर पर जैव विविधता निधि की स्थापना की गई है ।

केंद्र और राज्य सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका निम्नलिखित है :-

- राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण राज्य जैव विविधता बोर्ड और जैव विविधता प्रबंधन समितियों की स्थापना करना ।

- जैविक विविधता के प्रयोग के संपाोषण और उन्नति एवं संरक्षण के लिए राष्ट्रीय अनुकूलता, योजनाओं और कार्यक्रमों को विकसित करना । जैव विविधता की संकटापन्न, घनी प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के लिए अधि प्रायोग, दुरूप्रायोग या उपोक्षा को रोकने के लिए तत्काल सुधारक कदम उठाने के लिए संबंधित राज्य सरकार को निदेश जारी करना ।

- जैविक विविधता के प्रयोग और विकास में अंतर्क्षेत्रीय योजना या संबंधित क्षेत्र के कार्यक्रम और नीतियों का समाकलन करना । राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा संस्तुत जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा संस्तुत जैव विविधता से संबंधित क्षेत्रीय लोगों के ज्ञान का आदर और संरक्षण का प्रयत्न करना ।

- पर्यावरण और जैव विविधता, जैव विविधता के संपोषण और मानव स्वास्थ्य पर या जीवों की शरीर रचना पर प्रयोग के प्रतिकूल प्रभाव या संकट को नियमित या प्रबंध करने संबंधी परियोजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन करना ।

- राष्ट्रीय जैव विविधता प्रधिकरण से विचार विमर्श करके केंद्र सरकार यदि चाहे तो: (अ) संकटापन्न किस्मों को अधिसूचित करना और उनके एकत्रीकरण को नियंत्रित और निषेधित करना, पुनर्वास और संरक्षण करना, (ब) विभिन्न प्रकार के जैविक संसाधनों के लिए संस्थानों को भंडार के रूप में नामित करना और (स) पण्यों के सामान्य व्यापार के लिए कुछ जैविक संसाधनों को छूट देना ।

- राज्य सरकार क्षेत्रीय निकायों से विचार विमर्श करके जैव विविधता के धरोहर स्थलों को अधिसूचित करना, (केंद्रीय सरकार से विचार विमर्श करके) धरोहर स्थलों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए नियम बनाना और, प्रभावित लोगों का पुनर्वास / प्रतिपूर्ति के लिए योजनाएँ शुरू करना ।

वर्ष 2008-2009 के लिए जैव विविधता अधिनियम, 2002 के कार्यान्वयन की प्रगति जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा आगामी अध्यायों में वर्णित की जाएगी ।

3 प्राधिकरण का संविधान

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के एक अध्यक्ष हैं, जो एक प्रख्यात व्यक्ति जिसे जैव विविधता संपोषित करने का ज्ञान और अनुभव हो और भारत सरकार के सचिव स्तर के अधिकारी हों । इसके दस पदेन सदस्य हैं जो भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों से संबंधित हैं और पाँच गैर सरकारी सदस्य हैं जो जैव विविधता प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के विशेषज्ञ हैं ।

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण का गठन जैव विविधता अधिनियम 2002 के द्वारा किया गया है :-

अध्यक्ष:

क्र.सं.	नाम	से	तक
1.	श्री विश्वनाथ आनन्द*	01.10.2003	14.07.2004
2.	डॉ. एस. कन्नियन	20.05.2005	19.05.2008
3.	श्री जी.के. प्रसाद*	20.05.2008	30.09.2008
4.	श्री पी.आर. मोहन्ती*	01.10.2008	31.12.2008
5.	डॉ. पी.एल.गौतम	31.12.2008	अब तक

*अतिरिक्त कार्यभार

सदस्य:

धारा 8 की उपधारा (4) के उपबंध (ब) के अधीन पदेन सदस्यों की नियुक्ति की गई:-

1. भारत सरकार के अनुसूचित जाति मंत्रालय के संयुक्त सचिव या उसके समकक्ष अधिकारी
2. वन और पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार के अपर महानिदेशक (वन)
3. वन और पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार ने इस विषय को देखने वाले संयुक्त सचिव

धारा 8 की उपधारा (4) के उपबंध ए के अधीन गैर सरकारी सदस्यों की नियुक्ति की गई है ।

1. कृषि अनुसंधान और शिक्षा, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के इस विषय को देखने वाले संयुक्त सचिव या इसके समकक्ष स्तर के अधिकारी ।
2. जैव विविधता विभाग, भारत सरकार में इस विषय को देखने वाले संयुक्त सचिव या इसके समकक्ष अधिकारी ।
3. समुद्र विकास विभाग, भारत सरकार में इस विषय को देखने वाले संयुक्त सचिव या इसके समकक्ष अधिकारी ।
4. कृषि और सहकारिता विभाग, भारत सरकार में इस विषय को देखने वाले संयुक्त सचिव या इसके समकक्ष अधिकारी ।
5. भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग, भारत सरकार में इस विषय को देखने वाले संयुक्त सचिव या इसके समकक्ष अधिकारी ।
6. विज्ञान तकनीकी विभाग, भारत सरकार में इस विषय को देखने वाले संयुक्त सचिव या इसके समकक्ष अधिकारी ।
7. विज्ञान और आधोगिक अनुसंधान विभाग, भारत सरकार में इस विषय को देखने वाले संयुक्त सचिव या इसके समकक्ष अधिकारी ।

धारा 8 की उप धारा 4 के उपबंध द के अधीन गैर सरकारी सदस्यों की नियुक्ति की गई ।

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के गैर सरकारी सदस्यों का तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए निबंधन अधिसूचना की तारीख से लागू होगा । राज[1]त्र अधिसूचना सं. एस.ओ.497(ई) के अनुसार की ई दिनांक 1-10-2003 से 14.4.2004 और दिनांक 1.10.2006 यक 21-2-2007 तक निम्न पद रिक्त रहे । पाहले के और वर्तमान के गैर सरकारी सदस्य निम्न है :

क्र.सं.	नाम	से	तक
1.	प्रो.एल. कण्णननिदेशक* (अनुसंधान) अण्णामलै विश्वविद्यालय, चिदंबरम, तमिलनाडु	15.04.2004	30.09.2006
2.	डॉ. पी. पुष्पांगदन* निदेशक, राष्ट्रीय जैविक अनुसंधान संस्थान, लखनऊ	15.04.2004	30.09.2006
3.	प्रो. राघवेन्द्र गडगकर पारिस्थितिकीय विज्ञान केंद्र, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू - 560 012	15.04.2004 22.02.2007	30.09.2006 21.02.2010
4.	प्रो. अनिल गताभारतीय प्रबंधन संस्थान (भा.प्र.से.) वस्त्रपुर, अहमदाबाद	15.04.2004 22.02.2007	30.09.2006 21.02.2010
5.	डॉ. ए.के. घोषनिदेशक, पर्यावरण व विकास केंद्र, जोधपुर पार्क, कोलकाता	15.04.2004 22.02.2007	30.09.2006 21.02.2010
6.	डॉ. एस. सुब्रमणियम, पालवाक्कम, चेन्नै - 600 041	22.02.2007	21.02.2010
7.	प्रो. के. कदिरेशन, समुद्रीय जीव विज्ञान उच्च अध्ययन केंद्र अण्णमलै विश्वविद्यालय, तमिलनाडु	22.02.2007	21.02.2010

* अवधि समाप्त

साचिव:

1.	डॉ. के. वेंकटरामन *	24.07.2003	11.03.2009
2.	श्री सी. ए. रेड्डी	12.03.2009	Till date

* अतिरिक्त कार्यभार

4 प्राधिकरण की बैठकें

वर्ष 2008-2009 के दौरान प्राधिकरण की तीन बैठकें आयेजित की गई जिनमें निम्न लिखित निर्णय लिए गए :-

प्राधिकरण की एकादश बैठक

प्राधिकरण की एकादश बैठक दिनांक 6 मई 2008 को नई दिल्ली में आयोजित की गई । जिसमें इनके लिए अनुमोदन दिए गए (1) सचिव, तकनीकी अधिकारी (बौ.स.अ.) और आशुलिपिक के पदों को प्रतिनियुक्ति /आम्मेलन के आधार पर भरना (2) हितलाभ की सहभागिता का निर्धारण करने के लिए विशेषज्ञ समिति में दो अतिरिक्त सदस्यों के लिए (3) सामान्य व्यापार पण्यों की विशेषज्ञ समिति के कार्यवृत्त के मसौदे और (4) मृदा, तलछट और सूक्ष्म जैविक विविधता पर विशेषज्ञ समिति का गठन: (i) परंरागत और जनजातीय ज्ञान (ii) मृदा तलघट एवं सूक्ष्म जैविक विविधता (iii) औषधीय पौधों (iv) बौद्धिक संपदा अधिकारों (v) जैव विविधता के धरोहर स्थलों को उनके कार्य और काम को देखते हुए और 90 दिन के लिए विस्तार किया गया ।

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा आयोजित की गई निम्नलिखित बैठकों पर भी विचार-विमर्श के दौरान निर्णय लिए गए:

- दिनांक 05.04.2008 को सेंटेनरी रोज पार्क बागवानी अनुसंधान केंद, त.कृ. विश्वविद्यालय ऊटी में धरोहर स्थलों की स्थापना पर मार्गदर्शिका तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति की बैठक की गई ।
- दिनांक 08.04.2008 को राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नै के सम्मेलन कक्ष में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा अभिवृद्धि, पेटेंट, अनुसंधानों के परिणामों के हस्तांतरण और माल हस्तांतरण के आवेदन पत्रों के मूल्यांकन के लिए विशेषज्ञ समिति की सप्तम बैठक की गई।

- दिनांक 24.4.2008 को होटल सेल्टर चेन्नै में मृदा, तहछट और सूक्ष्म जैविक विविधता पर राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा विशेषज्ञ समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 28-29 अप्रैल 2008 को राज्य जैव विविधता बोर्डों की तीसरी पुनरीक्षण और पारस्परिक बैठक आयोजित की गई ।

प्राधिकरण की बारहवीं बैठक

दिनांक 7-8-2008 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय जैव विविधता की बारहवीं बैठक आयोजित की गई । विशेषज्ञ समितियों

की सिफारिशों के लिए निम्न पर अनुमोदन दिया गया : (i) जैव संसाधनों की अभिवृद्धि, अनुसंधान परिणामों का हस्तांतरण बौद्धिक संपदा अधिकार और अन्य व्यक्ति हस्तांतरण पर प्राप्त आवेदन पत्रों का मूल्यांकन, (ii) वाणिज्यिक प्रयोग के लिए अभिवृद्धि पर हितलाभ सहभागिता का निर्धारण, अनुसंधान के परिणामों का हस्तांतरण, बौद्धिक संपदा अधिकार और अन्य व्यक्ति को हस्तांतरण के आवेदन पत्र इत्यादि पर विशेषज्ञ समिति और (iii) मृदा तहछट और सूक्ष्म जैविक विविधता पर विशेषज्ञ समिति।

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा आयोजित की गई निम्न लिखित बैठकों पर भी विचार-विमर्श के दौरान निर्णय लिए गए :

- दिनांक 16.07.2008 को राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण सम्मेलन कक्ष, चेन्नै में अभिवृद्धि, अनुसंधान परिणामों का हस्तांतरण, पेटेंट मांगना और सामग्री हस्तांतरण पर विशेषज्ञ समिति की आठवीं बैठक आयोजित की गई ।

- दिनांक 21.07.2008 राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा मृदा, तहछट आरै सूक्ष्म जैविक विविधता पर विशेषज्ञ समिति की दूसरी बैठक आयोजित की गई।

प्राधिकरण की तेरहवीं बैठक

दिनांक 28.01.2009 को वन और पर्यावरण मंत्रालय, नई दिल्ली में प्राधिकरण की तेरहवीं बैठक आयोजित की गई: (i) संकटापन्न क्षेत्र सूचित करने के नियम बनाने के लिए अनुमोदन दिए गए, (ii) सचिव की शक्तियों का प्रत्यायोजन (iii) जैव विविधता

निधि के आवेदन के लिए मार्गदर्शिका बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन (iv) अध्यक्ष, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण विशेषज्ञता की आवयकता के अनुसार किसी भी सदस्यों को विभिन्न विशेषज्ञ समितियों में शामिल कर सकता है और जैव विविधता के धरोहर स्थलों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए नियम बनाने के लिए अध्यक्ष जैव विविधता प्राधिकरण एक समिति का गठन कर सकता है। इसके अतिरिक्त निम्न मदों पर चर्चा हुई और निर्णय लिए गए :

- "भारत के समुद्रीय और तटीय क्षेत्रों में जाति जैव विविधता पंजीयन पर क्षमता बनाने" के डॉ. कदिरेसन के प्रस्ताव को सिद्धांतत: मान लिया गया ।
- डेटाबेस भारतीय जैव विविधता सूचना प्रणाली (भा.जै.सू.प्र.)
- राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के कर्मचारियों और अधिकारियों को छठे वेतन आयोग के कार्यान्वयन, समितियों के सदस्यों और सलाहकारों के वेतन भत्तों में बढ़ोतरी का अनुमोदन दिया ।
- जैव विविधता अधिनियम 2002 की धारा 36(2) के अंतर्गत संकटापन्न क्षेत्र, प्राकृतिक आवास और जैविक संसाधनों के लिए राज्य सरकारों को निदेश देने के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन ।
- पशु चिकित्सा विभाग से प्रतिनिधियों को शामिल करने के लिए अभिवृद्धि,पेटेंट, अनुसंधान के परिणामों का हस्तांतरण और सामग्री हस्तांतरण के आवेदन-पत्रों का मूल्यांकन करने के लिए विशेषज्ञ समिति में डेयरी और मछली पालन का एक सदस्य शामिल करने का अनुमोदन दिया गया ।
- जैव संसाधनों की अभिवृद्धि के लिए नावोजिमस द्वारा करार के निलंबन का अनुमोदन ।
- टैक्सोनोमिक अनुसंधान के लिए अनुमोदन: हमारे वैज्ञानिकों द्वारा नई टेक्सा/ किस्मों की पहचान के महत्व पर विचार, सूक्ष्म जैव विविधता तकनीकी संस्थान / वि.औ.अ.प. का अनुमोदन किया गया । यह भी निर्णय लिया गया कि संबंधित वैज्ञानिक/ संगठन / संस्थान अपने समझौते के ज्ञापन में स्पष्ट दर्शाएँ कि नामित भंडार में यदि अभिवृद्धि होती है तो उसका वाणिज्यिक प्रयोग कर सकता है उसी प्रकार जैव विविधता अधिनियम के अनुसार हितलाभ सहभागिता का प्रबंध किया जा सकता है ।
- वर्ष 2007-2008 के संशोधित लेखे और 2009-2010 के लिए वार्षिक योजना का अनुमोदन किया गया ।
- जैव विविधता अधिनियम लागू करने की राजपत्र अधिसूचना में संशोधन ।

5 विशेषज्ञ समितियाँ

जैव विविधता अधिनियम की धारा 13 के अनुसार प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित समितियाँ गठित की गई हैं :-

1. जैव विविधता धरोहर स्थलों के संरक्षण और पबंधन के नियम तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति:

जैव विविधता धरोहर स्थलों की घोषण और प्रबंधन के लिए जैव विविधता अधिनियम 2002 चाहता है कि राज्य जैव विविधता बोर्ड मार्गदर्शिका और नियम बनाए । तदनुसार एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई और दिनांक 19.2.2009 को होने वाली बैठक में विशेषज्ञ समिति द्वारा आदर्श दिशा-निर्देश तैयार किए गए जो व्यापक रूप परिचालित और कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं । विभिन्न विशेषज्ञों/ अभिकरणों/ रा.जै.बोर्डों सें प्राप्त टिप्पाणियों पर विशेषज्ञ समिति की आगामी बैठक में विचार किया जाएगा और सिफारिशें प्राधिकरण के विचार के लिए प्रस्तुत की जाएँगी ।

2. मृदा तलछट और सूक्ष्म जीव विविधता पर विशेषज्ञ समिति:

डॉ. भाग्यराज की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति ने दिनांक 24.04.2008, 21.07.2008 और 20-08-2008 को तीन बैठकें आयोजित की । गहन विचार विमर्श की प्रक्रिया और वेबसाइट पर अपलोड किए गए मसौदों के अनुसार दिशा-निर्देश विकसित किए गए। समिति द्वारा आदर्श दिशा-निर्देशों की सिफारिश के बाद प्राधिकरण ने अनुमोदित किए । इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य मृदा तलछट/जल/ पौधों के अन्य पक्ष को हस्तांतरण, जानवर, सूक्ष्म जीव और भारत में पाए जाने वाले आनंवांशिक संसाधनों / जैविक सर्वेक्षण और जैविक उपयोग की प्रक्रिया को सरल और कारगर बनाना है । यदि यह हस्तांतरण भारत में किसी निजी व्यक्ति/ कंपनी / संगठन से बाहरी देश के किसी व्यक्ति / संगठन को है तो राष्ट्रीय जैव विविधता से पूर्व अनुमति के लिए भी ये दिशा-निर्देश उपयोगी होंगे ।

3. सामान्य व्यापारिक जिन्सों/पण्यों पर विशेषज्ञ समिति:

जैव विविधता अधिनियम की धारा 40 के अनुसार केंद्र सरकार जैव विविशता प्राधिकरण के साथ विचार विमर्श करके, सरकारी राजपत्र में अधिसूचना के द्वारा कुछ जैविक संसाधनों को सामान्य व्यापार पण्य (सा.व्या.प.) के रूप में छूट दे सकती है । वन और पर्यावरण मंत्रालय की अगुवाई में, रा.जै.प्रा. ने इस विषय की प्रक्रिया में पहल की, तदनुसार सामान्य व्यापार पण्य पर एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया । समिति ने दिनांक 04.10.2006, 10.10.2007 और 15.03.2008 को तीन बैठकें आयोजित की । समिति ने अपनी दूसरी बैठक भारतीय मसाले अनुसंधान, मसाला बोर्ड, मसाला व्यापार निगम लिमिटेड, तंबाकू बोर्ड, काजू और कोको विकास, निदेशालय कोचीन, काफी और रबर बोर्ड के सुझावों के अनुसार मुख्य जैव संसाधनों के प्रारंभ में अधिसूचित किया । इसके साथ ही समिति ने अखिल भारतीय औषधीय पादप और उत्पादन के द्वारा निर्यात संभाव्य (अनियमित) पृष्ठ संख्या 98, भारतीय आयात निर्यात बैंक" सामान्य व्यापार पण्य के रूप में अधिसूचना के लिए वाणिज्य मंत्रालय से विचार विमर्श करके अधिसूचना जारी की । तीसरी बैठक में सा.व्या.पण्य की अधिसूचना के लिए पहली सूची राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण को संस्तुत एवं प्रस्तुत की । रा.जै.प्रा.

द्वारा ये सिफारिशें वन और पर्यावरण मंत्रालय को प्रस्तुत की गई । वन और पर्यावरण मंत्रालय ने सा.व्या.प. की सूची निदेशक, भा.पा.स. को प्रमाणित वैज्ञानिक नाम देने के लिए प्रेषित की । राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण को 1040 किस्मों की सूची का अंतिम रुप प्राप्त किया । इसकी दौरान निदेशक, समुद्री उत्पाद निर्यात प्राधिकरण से (107 मछली उत्पादों की) सूची रा.जै. प्राधिकरण को प्राप्त हुई ।

वन और पर्यावरण मंत्रालय ने रा.जै.प्रा. द्वारा (1040 कि.) भेजी गई सामान्य व्यापार पण्यों की सूची को सम्मति के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (म.नि.वि.व्या.) को प्रेषित किया । महानिदेशक विदेश व्यापार निगम ने राष्ट्रीय जैव प्राधिकरण से उनके द्वारा भेजी गई सूची का भारतीय व्यापार वर्गीकरण (सुमेलित प्रणाली) का कोड उपलब्ध कराने को कहा और ऐसा ही म.नि.वि. व्यापार की वेबसाइट में सूचित की गई किस्मों के संबंध में कहा । तदनुसार दिनांक 29.01.2009 को वन और पर्यावरण मंत्रालय नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें आयुर्वेदिक औषधि निर्माता संघ (आ.औ.नि.स.) विदेश व्यापार महानिदेशालय क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परम्पारा पुनर्वास परिसंघ (क्षे.स्वा.प.पु.प.) भा.कृ.अ.प., वै. व औ.अ.प. जैसे विभाग / मंत्रालय और अभिकरणों आदि ने भाग लिया । विचार -विमर्श के बाद सा.व्या.प. के रूप में क्षे.स्वा. और परम्पारा पु.स. द्वारा प्रस्तुत (180 किस्मों) पादप किस्मों की एक सूची को अधिसूचित करने का निर्णय लिया । यह सहमति हुई कि सरकार द्वारा 46 औषधीय पौधों को जिनका उपभोग 100 मी.ट. से अधिक है उन्हें अधिसूचित करें । यह निर्णय लिया गया कि उत्पादित सब्जियों, फलों, खद्यान्न, मसालों और मिर्चों कों भी इस सूची में शामिल किया जाए । तदनुसार रा.जै.प्रा. ने विभिन्न स्रोतों से सूचनाएँ एकत्र करके सूची को अंतिम रूप दिया । यह भी माना गया कि जैव संसाधनों का सा.व्या पण्य के रूप में प्रयोग के लिए जैव विविधता अधिनियम 2002 और नियम 2004 के प्रावधान लागू होंगे । ये सिफारिशें प्राधिकरण के विचार विमर्श के लिए रखी गई ।

4. अभिवृद्धि, पेटेंट, अनुसंधान परिणामों का हस्तांतरण और जैव संसाधनों का अन्य पक्ष को हस्तांतरण के आवेदन पत्रों के मूल्यांकन के लिए विशेषज्ञ समिति:-

प्राधिकरण की सिफारिश और सहमति के लिए विभिन्न आवेदकों के निवेदन विशेषज्ञ समिति में रखे जाएँगे । इस विशेषज्ञ समिति की प्रक्रिया चालू रहेगी और इसका पुनर्गठन आवधिक आधार पर किया जाएगा । इस प्रकार विशेषज्ञ समिति की 11 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं ।

5. समान हितलाभ सहभागिता के निर्धारण पर विशेषज्ञ समिति:

विभिन्न अभिकरणों से प्राप्त आवेदन पत्रों को विशेषज्ञ समिति सिफारिशें प्राप्त करने के लिए प्राधिकरण के सोच-विचार के लिए मामले दर मामले भेजती है । इस विशेषज्ञ समिति की प्रक्रिया चालू रहेगी और इसका भी पुनर्गठन आवधिक आवधिक आवधिक आधार पर किया जाएगा । इस प्रकार अब तक 6 बैठकें आयोजित की गई हैं ।

6. जैव विविधता अधिनियम **2002** के प्रवर्तन के लिए विनियम और अधिसूचनाएँ तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति:

समिति द्वारा तैयार अधिसूचना के मसौदे को प्राधिकरण द्वारा इसकी नवम बैठक में स्वीकार किया गया । विध और न्याय मंत्रालय से विधीक्षा करने के बाद सरकार द्वारा दिनांक17 नवंबर 2008 को एस.ओ.-2708(ई) के द्वारा अधिसूचित किया गया।

7. औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए विशेषज्ञ समिति:

औषधीय पौधों के संरक्षण के बारे में प्रारंभिक विचार-विमर्श समिति की पहली बैठक में किया गया । सलाहकारों की सेवाएँ लेने के लिए महत्वपूर्ण कागज तैयार किए जाएँ ।

8.खतरे में, संकटापन्न और स्थानिक भारी किस्मों पर विशेषज्ञ समिति:

खतरे में संकटापन्न और स्थानिकभारी पर विशेषज्ञ समिति के सलाहकार के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलूर के डॉ. कार्तिक शंकर को विशेषज्ञ सलाहकार के रूप में नियुक्त करने का अनुमोदन प्राधिकरण की चतुर्थ बैठक में दिया गया । तीन बैठकें संपन्न होने के बाद प्राधिकरण के विचार-विमर्श क लिए विशेषज्ञ समिति ने सिफारिशें तैयार की । विशेषज्ञ समिति की स्फिारिशों को प्राधिकरण ने अपनी नवम बैठक में अनुमोदित किया । रा.जै.प्रा. ने ये सिफारिशें मंत्रालय को सूचित की । इन सिफ़ारिशों पर विचार करते हुए भारतीय पादप सर्वेक्षण और भारतीय जन्तु, सर्वेक्षण, और अन्य विशेषज्ञों की सम्मतिके बाद खतरे में पड़ी जानवरों और पौधों की किस्मों, उनके वितरण सहित राज्य वार सूची विभिन्न राज्यों को भेजी गई । उपर्युक्त सम्मतियों राज्य सरकारों के विचार के लिए भारत सरकार ने पौधे और जानवर जो विलोभन के कगार पर हैं और केरल, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से एकत्र करने का नियत्रण या निषेधित हैं ऐसी किस्मों की सूची (अधिसूचना एस.ओ.783 (ई)) दिनांक 17 मार्च 2009 और एस.ओ. 997 (ई) दिनांक 15 अप्रैल 2009) के द्वारा अधिसूचित की ।

6 जैव विविधता का संपोषण और संरक्षण

निम्नलिखित वर्णित रिपोर्ट की अवधि के दौरान प्राधिकरण ने जैव विविधता के संपोषण और संरक्षण के विभिन्न पहलुओं से संबंधित सभी प्रयास किए ।

1. संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ प्रशिक्षण इत्यादि आयोजित करने के लिए सहभागिता और सहयोग देना।

- दिनांक 10 से 13 अप्रैल 2008 में गंगटोक सिक्किम भारत में "अभिवृद्धि और हितलाभ सहभागिता" पर योजना कार्यशाला की ।
- दिनांक 2 मई 2008 को पश्चिमी क्षेत्र के लिए "दलदली भूमि संरक्षण और प्रबंधन" विषय पर गीर फाउंडेशन गांधी नगर द्वारा एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया ।
- दिनांक 25 जुलाई, 2008 को वैश्विक जैव विविधता सूचना सुविधा (जै.वि.सू.सु.) के सहयोग से वै.औ.अ.प. नई दिल्ली में एक सलाहकार बैठक आयोजित की ।
- "अनुवांशिक संसाधनों की अभिवृद्धि की हितलाभ सहभागिता और सूक्ष्म जव जैव तकनीकी में प्रवृत्ति"पर दिनांक 27 अगस्त 2008 को जापान में जैव उधोग समिति टोकियो द्वारा जापान-भारत कार्यशाला आयोजित की ।
- दिनांक 31 अगस्त 2008 को मालदीव में दक्षिण एशिया मूँगा जल-शैल कार्य बल (द.ए.मू.ज.शै.का.ब.) समन्वय समिति की दूसरी बैठक आयोजित की ।
- दिनांक 5 से 7 नवंबर 2008 को अहमदाबाद, गुजरात में गीर फाउंडेशन और दक्षिण एशिया मूँगा जल-शैल कार्य बल और दक्षिण एशिया सहकारी पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा समुद्रीय और तटवर्ती संरक्षण के क्षेत्र प्रबंधक विनिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 3 नवम्बर 2008 को चंडीगढ़ में "दक्षिण एशिया क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और खाद्य सुरक्षा" विषय पर पंजाब राज्य विज्ञान और तकनीकी परिषद द्वारा एक अंतर्राज्यीय सम्मेलन किया गया ।
- दिनांक 19 व 20 मई 2008 को चेन्नै में जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा जैव विविधता एवं कृषि जैव विविधता मेला आयोजित किया ।
- दिनांक 8 जनवरी 2009 को लोयला कालेज चेन्नै में "सेंसर में नूतन रूझान-पर्यावरण के प्रबंधन और मूल्यांकन के लिए विकास"विषय पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

- दिनांक 12 फरवरी 2009 को रा.प.आ. अनुसंधान करनाल में घरेलू पशुओं के संरक्षण के लिए समाज का राष्ट्रीय परिसंवाद किया गया ।

- दिनांक 12 फरवरी 2009 को पा.कि. व कृ.अ.स. नई दिल्ली द्वारा द्वितीय पादप जीनोम मुक्तिदाता समुदाय मान्यता और पादप किस्मों का पंजीकरण प्रमाणन किया गया ।

- दिनांक 1 फरवरी 2009 को भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद में जैव विविधता अधिनियम का कार्यान्वयन और जैव विविधता संरक्षण को प्राथमिकता, अभिवृद्धि के प्रयोग और हितलाभ सहभागिता पर एक कार्यशाला आयोजित की गई ।

- दिनांक 4 से 7 फरवरी 2009 को नई दिल्ली में "पादप अनुवांशिक संसाधनों के प्रयोग में कृषि संरक्षण की पहल के लिए अवसरों को बध़ना" कृषि पर चतुर्थ विश्व कांग्रेस का सत्र चलाया गया ।

- अभिवृद्धि और मानव कल्याण पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 15 फरवरी 2009 नैरोबी में 2010 के बाद लक्ष्य पर्यावरण विधि और सम्मेलन मण्डल, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

- दिनांक 22 फरवरी, 2009 को बंबई प्राकृतिक इतिहास समाज वेलीमैन इलम, कोडीकरै में "जैव विविधता के संरक्षण के भूत, वर्तमान और भविष्य के विशेष रूप से प्रवासी पक्षियों के संदर्भ में केलीमर बिन्दु" और जैव विविधता के संरक्षण में रा.जै.पा. की भूमिका पर एक चर्चा पार एक कार्यशाला आयोजित की ।

- दिनांक 2 मार्च 2009 को इसरो की अध्यक्षता में कृषकों की खुशहाली के लिए जैव उद्योगों के जल क्षेत्रों का विकास की चुनौतियाँ और अवसर पर राष्ट्रीय सम्मेलन की संचालन समिति की बैठक की गई ।

- दिनांक 8 मार्च 2009 को केंद्रीय रेशम - उत्पादन जीवाणु संसाधन केंद्र, केंद्रीय रेशम बोर्ड होसुर तमिलनाडु में "रेशम जैव विविधता संरक्षण" विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई ।

- दिनांक 17 से 20 मार्च 2009 को कियूडाड ऑबरेगन, मैक्सिको में गेहूँ को खराब होने के टिकाऊपन के लिए रणनीति विकसित करने के लिए बोरलॉग वैश्विक रस्ट रणनीति 2009 कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

- दिनांक 23 मार्च 2009 को वन और पर्यावरण मंत्रालय, नई दिल्ली में ए.वी.एस. कार्य समूह-7 के लिए अंतर-मंत्रालय सलाहकार की तैयारी के लिए एक बैठक आयोजित की गई ।

- दिनांक 7 जनवरी 2009 को नेही शिलाँग में "उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में क्षेत्रीय मामले" भारतीय विज्ञान कांग्रेस के दौरान एक विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई ।

- दिनांक 8-9 जनवरी 2009 को पर्यावरण प्रबंधन विभाग, भारतीदासन विश्वविद्यालय त्रिचिरापल्ली द्वारा जैव विविधता प्रबंधन में उभरते मामलों पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई ।

- दिनांक 3 फरवरी 2009 को कल्पवक्ष पर्यावरण एक्सन समूह और अंतर्राष्ट्रीय गै.स.स. ग्रेन नई दिल्ली द्वारा नीति वार्तालाप के लिए राष्ट्रीय फोरम की बैठक नेहरू स्मारक संग्रहालय में आयोजित की गई ।

- दिनांक 20-21 मार्च 2009 को राष्ट्रीय पादप अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो में पंजीकरण मूल्यांकन, जलचर अनुवांशिक संसाधनों का अपने स्थान पर संरक्षण और मूल्यांकन पर राष्ट्रीय सलाह-मशविरा किया गया ।

- दिनांक 2 फरवरी 2009 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की संध्या पर वेल्स इंटरनेशनल विद्यालय चेन्नै में मूंगे और जल शैल से विशेष संबंधित भारत की जैव विविधता पर जागृति सृजन किया गया ।

2. प्रााधिकरण द्वारा इन्हें तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समितियाँ गठित की गई :

- जैव विविधता धरोहर स्थलों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए नियम ।
- मृदा, तलछट और सूक्ष्म जीव विविधता की अभिवृद्धि के लिए मार्गदर्शिका।
- जैव विविधता अधिनियम 2002 के प्रवर्तन के लिए विनियम / अधिसूचना
- औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए मार्गदर्शिका
- खतरे में, संकटापन्न और स्थानिकमारी किस्मों के संरक्षण के लिए मार्गदर्शिका
- राष्ट्रीय नामित भंडारों के लिए मार्गदर्शिका

3. जागृति अभियान:

1. जैव विविधता अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के कार्यान्वयन के संबंध में क्षमता निर्माण के लिए जागृति अभियान के लिए गुजरात, गोवा और कर्नाटक राज्य जैव विविधता बोर्डों के साथ पारस्पारिक बैठक की गई ।

2. आंध्र प्रदेश जैव विविधता बोर्ड हैदराबाद द्वारा 2009 में जैव-साहित्य चोरी और बौद्धक संपदा अधिकार जैव विविधता के लिए क्षमता निर्माण की पहल पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई ।

3. पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास के लिए ट्रस्ट (ट्री) चेन्नै द्वारा 2009 में जैव विविधता के संरक्षण के लिए व्यक्तिगत योजना बनाने के कार्रवाई के विद्यार्थियों को अधिकार देने के लिए एक सम्मेलन किया गया ।

4. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने दिनांक 19 मई 2008 को मैरिना बीच पर 'कृषि और जैव विविधता' विषय पर "जैव विविधता के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस" मनाया । दिनांक 22-05-08 को जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता दिवस के परिपेक्ष में "जैव विविधता संरक्षण मेला" इस कड़कड़ाते विषय को ध्यान में रखते हुए जागृति अभियान में मेजबान की भूमिका निभाई । राष्ट्रीय विविधता प्राधिकरण ने भारतीय तट रक्षक, लोयला कालेज, प्रेसीडेंसी कालेज और क्वीन मेरी कालेज के सहयोग से इस अभियान का आरंभ कन्नगी मूर्ति के सामने प्रेसीडेंसी कालेज से किया । रा.जै.प्रा. की दूर-दृष्टि, जैव विविधता और मानव कल्याण, जैव विविधता संपोषण, जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य इत्यादि के संदेश के रंगीन बैनन और इश्तहार के साथ ऊंटों मानवों की श्रृंखला के बीच पर आने वाले सभी आगंतुक थे । इसी तरह इश्तहार प्रदर्शनी प्रतियोगिता प्रेसीडेंसी कालेज और जागृति मेले में की गई । इसका उदघाटन 19 मई को राज्य वन और मंत्रालय के माननीये मंत्री श्री एस.रघुपति ने किया । मद्रास क्रिश्चियन कालेज ने अपनी प्रदर्शनी "खाड़ी दर्शन" विषय पर लगाई । विभिन्न प्रकार की स्पंज, कठोर मूंगों का प्रदर्शन के परिरक्षण के नमूनों के साथ समुदीय जैव विविधता के अनेक सत्यों का वर्णन किया । विघार्थियों द्वारा भी समुद्रीय जैव विविधता पर आकर्षक इश्तहार लगाए गए । विभिन्न कालेजों ने भी जैव विविधता के विभिन्न मामलों को दर्शाया । जनता, खोजकर्ता, विद्यार्थी और अध्यापकों में जैव विविधता पर जागृति लाने और इसके महत्व को बताने के लिए राज्य जैव विविधता बोर्डों ने भी अंतराष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस मनाया । 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 'जैव विविधता विषय पर हिमाचल प्रदेश जैव विविधता बोर्ड ने भी एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया । पश्चिम बंगाल राज्य जैव विविधता बोर्ड ने भी स्कूल के विघार्थियों में जागृति कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता, वक्तृत्वकला का आयोजन किया ।

4. कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा जैव विविधता धरोहर स्थल अधिसूचित करना:

बेंगलूर जिले के देवनाहली तालुक के नल्लूर स्थान को इमली जैव विविधता स्थल के रूप में अधिसूचित किया । यह विश्वास किया जाता है कि यह स्थल 800 वर्ष पुराना चोल वंश का अवशेष है, जो देखने में विस्मयकारी और चकते दार स्थल है। जिसमें 300 पौधे लगे हैं जो पादप विविधत की गतिशील प्रणाली की तस्वीर है । पुराने पौधे नवनूतन पहरेदारी की तरह खड़े हैं उनके विशाल तने जमीन में धँसे हुए हैं और उनकी शाखाओं के रूप में बहुत ऊंचाई पर नयनाभिराम मुकुट की तरह लगाता है ।

5. पादप किस्में संरक्षण व कृषक अधिकार प्राधिकरण नई दिल्ली के सहयोग से कृषि जैव विविधता के उष्ण स्थलों की पहचान:

कार्य समूह और कार्य बल, पादप किस्में संरक्षण व कृषि अधिकार प्राधिकरण और राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने शिलांग और अण्णामलै विश्वविद्यालय ने उपर्युक्त स्फिारिशों के आधार पर एक संयुक्त कार्यशाला आयोजित की जिसमें जैव विविधता के उष्ण स्थलों की पहचान की । सामूहिक विचार विमर्श और विचारों की समाभीरूपता के आधार पर भारत में कृषि जैव विविधता के सत्रह उष्ण स्थलों की पहचान की गई :

क्र.स.	जैव विविधता उष्ण स्थल क्षेत्र
1.	त्रावणकोर मालाबार क्षेत्र
2.	कोंकण तट
3.	काठियावाड़
4.	लीवर्ड का दक्षिणी पठार
5.	उत्तरी गुजरात/ मेवाड़
6.	शुष्क जोधपुर - बीकानेर पट्टी
7.	उत्तर पश्चिम शीतोष्ण हिमालय व ल-ाख
8.	सिक्किम की पहाड़ियाँ और अरूणाचल का हिमालय
9.	मेघालय की पहाड़ियां
10.	नागालैण्ड/ मणिपुर/ त्रिपुरा / मिजोरम
11.	आसाम का ब्रह्मपुत्र का भाग
12.	निम्न गंगा प्रणाली
13.	गंगा कामुआयना (मारसस और सुन्दरबन)
14.	त्रिवेणी
15.	कोरापुट क्षेत्र - बस्तर और उसके आसपास का इलाका
16.	कावेरी बेसिन
17.	अंडमान और लक्षद्वीप आइलैण्ड

Source: www.plantauthority.gov.in/

5. जैव विविधता अधिनियम 2002 का परवर्तन:

चेक गणराज्य के दो विदेशी नागरिकों को सिंगालिय राष्ट्रीय पार्क पश्चिम बंगाल से कीटों को एकत्र करते हुए पाए गए । उनमें से सक मिस्टर स्वेचा का इस मामले में संलिप्तता होने के कारण 20000/- रूपए के दण्ड से दंडित किया गया। 10000 रूपये वन्य जीव संरक्षण अधिनियम और बाकी 10000 रूपए जैव विविधता अधिनियम के अधीन वसूल किए गए । यह भी उल्लेख किया गया कि उपयुक्त व्यक्ति ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, इसलिए जुर्माने का भुगतान करने पर दोषमुक्त कर दिया गया । एक और चेक नागरिक मि.एमिल क्रुकेरा को इस मामले में संलिप्त पाया गया और सत्र न्यायाधीश न्यायालय में दोषी पाया । वन्य जीव संरक्षण और जैव विविधता अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 3 वर्ष की सजा सुनाई गई । 60000 रूपए का जुर्माना भी उन पर लगाया गया । 10000 रूपए वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अधीन और 50000 रूपए का जुर्माना जैव विविधता अधिनियम के अंतर्गत किया गया । नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार दोषी व्यक्ति किसी तरह देश से बाहर चले गए । उन्हें पकड़ने के लिए वन विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय मदद के लिए अपीलीय प्राधिकरण से उन्हें पकड़ने की अपील करने की अनुमति माँगी । फिलहाल मुकदमा सत्र न्यायाधीश न्यायालय दार्जीलिंग में चल रहा है । वन विभाग ने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की अपील की है । सुनवाई की अगली तारीख 1 अगस्त 2009 है ।

6. राज्य जैव विविधता बोर्डों की स्थापाना:

वर्ष 2008-2009 के दौरान त्रिपुरा और तमिलनाडु दो राज्यों ने मार्च 2008 तक राज्य जैव विविधता बोर्ड के गठन को अधिसूचित किया है।

क्र.सं.	राज्य का नाम	अधिसूचना की संख्या व तारीख
1.	तमिलनाडु	G.O.(Ms) No.38 dt.29.04.08
2.	त्रिपुरा	F.8(31)/A/For-WL/98/part-11/ 7309-40 dt.16.06.08

7. जैव विविधता प्रबंधन समितियों का गठन:

क्र.सं.	राज्य	गठित जै.प्र.सं.
1.	आंध्र प्रदेश	5
2.	गोवा	5
3.	हिमाचल प्रदेश	2
4.	कर्नाटक	1354
5.	केरल	5
6.	मध्य प्रदेश	सभी 48 जिलों की पंचायत नगर निगम नगर पालिका/ परिषद और ग्राम सभ
7.	पंजाब	31

8. जाति जैव विविधता पंजीयन की तैयारी :

क्र.सं.	राज्य का नाम	जाति जैव विविधता पंजीयन की संख्या
1.	कर्नाटक	69
2.	पश्चिम बंगाल	13
3.	मध्य प्रदेश	50
4.	आंध्र प्रदेश	5
5.	केरल	74
6.	उत्तराखंड	139
	कुल	**350**

7 अभिवृद्धि एवं हितलाभ भागीदारी

1.अनुमोदन प्रक्रिया

प्राधिकरण द्वारा जैव विविधता अधिनियम की धारा 3,4,6 और जैव विविधता नियम 14 - 19 के अनुसार जैविक संसाधनों का भारत से बाहर अधिगमन का अनुमोदन दिया जाता है । जनता / निजी क्षेत्र और विदेशी राष्ट्रों से जैव संसाधनों और संबंधित परंपरागत ज्ञान का अधिगमन के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों का अनुमोदन निम्न दर्शित प्रक्रिया के अंतर्गत दिया जाता है ।

Schematic Presentation of Processing of Applications under Biological Diversity Act, 2002 and Rules 2004



प्राधिकरण द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा निवेदन पर विचार किया जाएगा और मामले दर मामले उपर्युक्त समिति द्वारा सिफारिश के साथ प्राधिकरण की बैठक में अंतिम निर्णय के लिए विमर्शित किए जाएँगे । प्राधिकरण द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों का विवरण अब तक निम्न प्रकार है :-

प्राप्तत आवेदन पत्र	-	420
अनंतिम अनुमोदन प्रदत्त	-	311
अनुमोदित / हस्ताक्षरित करार	-	72
निलंबित अंतिम अनुमोदन	-	239

(वैज्ञानिक औद्योगिक अनुसंधान परिषद के 205 आवेदन पत्र शामिल)

वापस लिए आवेदन पत्र	-	36

वर्ष 2008-2009 की स्थिति के अनुसार प्राधिकरण ने अपनी तीन बैठकों (11वीं से 13वीं प्राधिकरण) निम्न लिखित आवेदन पत्र अनुमोदित किए । नीचे दी गई रिपोर्ट के अनुसार 104 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 71 अनुमोदित किए । अनुमोदित आवेदन पत्रों में से 35 को अनुमोदन दिया गया और करार पर हस्ताक्षर किए । इकतीस आवेदन पत्र अंतिम अनुमोदन के लिए प्रक्रियाधीन है और दो आवेदन पत्रों पर प्रक्रिया बन्द कर दी है ।

2. रा.जै.बो. और जै.प्र.स. के साथ विचार-विमर्श

जैव विविधता प्राधिकरण के अधिनियम और नियमों के अनुसार अभिवृद्धि को अनुमोदन देने के लिए निम्नलिखित प्रावधान हैं ।

जैव विविधता अधिनियम 2002 की धारा 19 (3): उपधारा (1) या उपधारा (2) के अधीन प्राप्त आवेदन पत्रों पर राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण यदि आवश्यक समझे तो इस उद्-ेश्य के लिए गठित विशेषज्ञ समिति से विचार विमर्श करके, आदेशानुसार इसके अधीन अनुमोदन दे सकता है, यदि निबंधन एवं शर्तें सही पाई जाए, इसमें रॉयल्टी पर प्रभार लगाना भी शामिल है, या लिखित में कारण देकर आवेदन पत्र को निरस्त भी कर सकता है ।

